संपादकीय

समंदर का धुरंधर

भारतीय नौसेना को एक और 'समंदर का धुरंधर' मिल गया है। नौसेना के बेड़े में 'आईएनएस विशाखापट्टनम' के शामिल होने से हमारी समुद्री सैन्य ताकत में शानदार इजाफा हुआ है। यह प्रोजेक्ट 15बी का पहला स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक जहाज है। इसे नौसेना के शीर्ष कमांडरों की मौजूदगी में रविवार को सेवा में शामिल किया गया। नौसेना अध्यक्ष एडमिरल करमबीर सिंह ने इस अवसर को 'युद्धपोत आत्मनिर्भरता का शानदार उदाहरण' करार दिया। दो दिन बाद पनडुब्बी 'वेला' को भी नौसेना में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा अगले महीने सर्वे वैसल 'संध्याक' को नौसेना की सेवा में ले लिया जाएगा। मिसाइल भेदी जहाज 'आईएनएस विशाखापट्टनम' कई खूबियों वाला है। सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह जहाज ब्रह्मोस-बराक जैसी विध्वंसक मिसाइलों से लैस है। इसमें सुपरसोनिक सतह से सतह और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, मध्यम और शॉट रेंज गन, एंटी सबमरीन रॉकेट, एडवांस इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर और कम्युनिकेशन सूट जैसी खूबियां भी हैं। आईएनएस विशाखापट्टनम की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह दुश्मन के जहाज को देखते ही एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल लॉन्च कर उसका खात्मा कर सकता है। साथ ही यह भी गर्व की बात है कि यह युद्धक जहाज पूरी तरह से स्वदेशी है। कुल 74 हजार टन वजनी इस जहाज की लंबाई 535 फुट है। बताया जा रहा है कि लगभग 56 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाला यह युद्धक जहाज जब धीमी गति से भी चलता है तो इसकी रेंज में 7400 किलोमीटर क्षेत्र रहता है। यानी विशाल समुद्री क्षेत्र में भारतीय नौसैनिकों की सजग निगाहें बनी रहेंगी। बेशक भारतीय नौसेना के पास और भी कई युद्धक जहाज हैं, लेकिन आईएनएस विशाखापट्टनम अत्याधुनिक खूबियों वाला और समयानुकूल है। कई खूबियों वाले इस जहाज का नौसेना के बेड़े में शामिल होना गौरव की बात तो है ही, साथ ही दुनिया भी भारत की समुद्री ताकत से रू-ब-रू हो गई। आईएनएस विशाखापट्टनम के साथ ही पनडुब्बी वेला जब नौसेना का हिस्सा बन जाएगी तो इसकी ताकत में इजाफा ही होगा। भारत के पास अभी कुल 13 पनडुब्बियां हैं। ये पनडुब्बियां रूस और जर्मनी में निर्मित हुई हैं। देश की पहली परमाणु शक्ति चालित पनडुब्बी अरिहंत पहले से नौसेना के बेड़े का हिस्सा है। नौसेना प्रमुख के मुताबिक फिलवक्त 41 में से 39 पोत और पनडुब्बी के ऑर्डर भारतीय शिपयार्ड को दिए गए हैं। यानी भारतीय नौसेना को मजबूत बनाने की दिशा में पूरी पहल हो रही है।

यूं तो भारतीय सेनाओं के तीनों अंगों को लगातार मजबूत किया जा रहा है, लेकिन समुद्री ताकत को ज्यादा मजबूत करना वक्त की जरूरत है। जैसा कि इस जहाज को नौसेना के बेड़े में शामिल करते वक्त रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि स्थिरता, आर्थिक प्रगति और दुनिया के विकास के लिए नेविगेशन की नियम आधारित स्वतंत्रता, समुद्री गलियारों की सुरक्षा पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। ऐसे में इस बात का ध्यान रखना लाजिमी है कि सभी भागीदार देशों के हित सुरक्षित रह सकें। इस क्षेत्र की सुरक्षा में हमारी नौसेना की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। साथ ही यह भी ध्यान रखने की बात है कि पड़ोसी देश चीन ने अपनी विस्तारवादी सोच को समुद्र में भी नहीं छोड़ा है। दक्षिण चीन सागर में चीन द्वीपों का सैन्यीकरण कर रहा है, जिसकी वैश्विक रूप से आलोचना होती रही है। इस क्षेत्र को लेकर पूर्वी और दक्षिण पूर्वी कई एशियाई देशों के व्यापक दावे हैं। ऐसे में शक्ति संतुलन के लिए आईएनएस विशाखापट्टनम जैसे युद्धक जहाजों की जरूरत भारत को थी। सामरिक महत्ता के अलावा विश्व अर्थव्यवस्था के लिए भी भारत का समुद्री क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण है। आज वैश्विक सुरक्षा कारणों, सीमा विवादों और समुद्री प्रभुत्व को बनाए रखने के महत्व के कारण दुनियाभर के देश अपनी सैन्य शक्ति को मजबूत और आधुनिक बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। ऐसे में भारत ने खुद को समुद्री शक्ति संपन्न देशों की कतार में ला खड़ा किया है जो गौरवान्वित करने वाली बात है।

हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2021 के ओपनिंग मैच में बेल्जियम ने दक्षिण अफ्रीका को दी मात

भुवनेश्वर। पूल ए की टीमों बेल्जियम और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबले के साथ हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2021 का आगाज हुआ।

भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में सुबह खेले गए टूर्नामेंट के इस ओपनिंग मैच में बेल्जियम ने दक्षिण अफ्रीका को 5-1 से हरा कर जीत के साथ अपना खाता खोला। बेल्जियम ने शुरुआत से मैच में पकड़ और विपक्षी टीम पर दबाव बनाया। परिणामस्वरूप टीम को सातवें मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे रोमन डुवेकोट ने गोल में दागा और टीम को 1-0 से शुरुआती बढ़त दिलाई।

दक्षिण अफ्रीका ने हालांकि वापसी की और 15वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर बनाया। जैक्स वैन टोंडेर ने इस मौके को भुनाया और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर टीम की 1-1 से बराबरी कराई, लेकिन इसके बाद बेल्जियम ने मैच को एकतरफा बना दिया। खिलाड़ियों ने लगातार गोल दागे और दक्षिण अफ्रीकाई टीम को मैच में वापसी का मौका ही नहीं दिया।

चुस्त स्ट्राइकर नेल्सन ओनाना 24वें मिनट में गोल दाग कर टीम को 2-1 से बढ़त दिलाई जो बाद में बढ़ती ही चली गई। इसके बाद टीम को शुरुआती बढ़त दिलाने वाले रोमन ने 45वें मिनट में एक और गोल दागा और बढ़त को 3-1 किया। फिर आखिरी मिनटों में अर्नो वैन डेसेले और रिक वैन क्लेननब्रुगेल ने दो गोल दाग कर मैच को शानदार तरीके से समाप्त किया। दोनों ने क्रमशः 55वें और 58वें मिनट में गोल किए।

आज के अन्य तीन मैचों में जर्मनी ने पाकिस्तान को 5-2, पोलैंड ने कनाडा को 1-0 और मलेशिया ने चिली को 2-1 से हराया। भारतीय हॉकी टीम आज रात आठ बजे फ्रांस के खिलाफ मुकाबले के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

नीति आयोग ने डिजिटल बैंकों पर मांगें सुझाव

नई दिल्ली। नीति आयोग ने डिजिटल बैंकों के नियमन और पंजीयन पर आम जनता से सुझाव मांगें हैं। नीति आयोग ने अपने पोर्टल पर डिजिटल बैंकों के नियमन और पंजीयन के लिए डिजिटल बैंक भारत में पंजीयन और नियामक व्यवस्था के लिए एक मसौदा जारी किया। इस मसौदे पर 31 दिसंबर 2021 तक सुझाव, टिप्पणियां और आपत्तियां भेजी जा सकती है। यह मसौदा वित्त, प्रौद्योगिकी और कानून के क्षेत्र में प्रख्यात विशेषज्ञों और अंतर-मंत्रालयीन परामर्श के आधार पर तैयार किया गया है। मसौदे में डिजिटल बैंक लाइसेंस जैसे नियामक नवाचारों की सिफारिश की गयी है। यह 'डिजिटल बैंक' की अवधारणा को परिभाषित करता है।

प्रिंस के शानदार खेल से एमपीएस क्लब बिमला देवी कपूर कप के फाइनल में

नई दिल्ली । प्रिंस कुमार (74 रन और 3/29),सचिन भट्टी (33), सचिन शर्मा (2/25) की मदद से स्किलज़ ग्राउंड नोयडा में खेले जा रहे दूसरे आल इंडिया बिमला देवी कपूर मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में एम पी एस क्लब (5 विकेट पर 172 रन 18 ओवर) ने इंडिया पावर प्रो (9 विकेट पर 169 रन) को 5 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। हारी हुई टीम से मयंक राघव ने शानदार 56 रनो की पारी खेली पर अपनी टीम को हार से न बचा पाए। शानदार खेल के लिए प्रिंस कुमार को मैन ऑफ द मैच से समानित किया गया।

यूएई में होने वाली टी-20 लीग में टीम खरीदेगी रिलायंस इंडस्ट्रीज

मुंबई। आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस के मालिक रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाली आगामी टी-20 लीग में टीम खरीदने की पुष्टि की है।

मुंबई इंडियंस के मालिक आकाश अंबानी ने कहा, हमें मुंबई इंडियंस के रूप में उच्च मूल्यों वाली एक वैश्विक फ्रेंचाइजी बनाने और भारतीय क्रिकेट के लिए योगदान देने पर बेहद गर्व है। हम ठीक इसी तरह यूएई में एक और सफल ब्रांड बनाने को लेकर आश्वस्त हैं। हम अपने अनुभव के साथ यूएई क्रिकेट को लाभ पहुंचाने के लिए तैयार हैं।

अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के सचिव मुबाशीर उस्मानी ने मुंबई इंडियंस के यूएई टी-20 लीग के साथ जुड़ने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने एक बयान में कहा, यूएई टी-20 लीग में प्रमुख व्यापारिक घरानों द्वारा दिखाया जा रहा विश्वास बेहद उत्साहजनक है। हम रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के एक फ्रेंचाइजी के मालिक के रूप में इस जुड़ाव से खुश हैं। आईपीएल में मुंबई इंडियंस के संचालन में पेशेवर रवैये, फ्रेंचाइजी क्रिकेट में सबसे सफल टीम को एक साथ रखने में उनकी सफलता और उनके जुनून को देखने के बाद हमें पूरा विश्वास है कि यह सहयोग रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और लीग दोनों के लिए लाभकारी होगा और यूएई में क्रिकेट के विकास का समर्थन करेगा।

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मालिक भी टीम खरीदने को तैयार हैं। इसके अलावा संभवतः मैनचेस्टर यूनाइटेड के मालिक ग्लेजर परिवार, कैपरी ग्लोबल, बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स के मालिक और दिल्ली कैपिटल्स के को-ऑनर किरण कुमार ग्रांधी की भी एक टीम इस लीग में खेलेगी। उल्लेखनीय है कि नाइट राइडर्स समूह की सीपीएल (कैरिबियाई प्रीमियर लीग) में भी एक टीम (ट्रिनबागो नाइट राइडर्स) है और दिसंबर 2020 में भी उसने अमेरिका-आधारित मेजर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी खरीदी थी।

समझा जाता है कि छह टीमों वाली इस लीग को ईसीबी ने मंजूरी दी है और इसके जनवरी और फरवरी विंडो में आयोजन की योजना बनाई जा रही है, हालांकि संभावना है कि इसका पहला सीजन फरवरी-मार्च 2022 में खेला जाएगा।

राज्य सरकारों को कुल 152 संभावित खनिज प्रखंडों पर रिपोर्ट सौंपी गई

नई दिल्ली। केंद्रीय खान मंत्रालय ने इस वर्ष अब तक विभिन्न राज्यों को 152 खनिज प्रखंडों की रिपोर्ट सौंपी है।

केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने नयी दिल्ली में खान और खनिज पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान 15 राज्य सरकारों को भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) द्वारा अनुमोदित 52 संभावित खनिज ब्लॉक सौंपे। देश में विविध प्रकार के खनिजों के विशाल भंडारों की संभावनाओं की खोज के जरिए सामने लाने के प्रयास के तहत संभावित खनन प्रखंडों पर रिपोर्ट तैयार करायी जाती है।

मंत्रालय के बयान के अनुसार खनिज ब्लॉक रिपोर्ट प्राप्त करने वाले राज्यों में मध्य प्रदेश (8), छत्तीसगढ़ (6), कर्नाटक (7), महाराष्ट्र (6), ओडिशा (5), राजस्थान (5), झारखंड (5), गुजरात (2), तमिलनाडु (2), तेलंगाना (1), बिहार (1), असम (1), अरुणाचल प्रदेश (1),आंध्र प्रदेश (1)और हिमाचल प्रदेश (1) शामिल हैं। इन खान प्रखंडों में लौह खनिजों के समूह,कीमती धातु और खनिज,अलौह और अपेक्षित खनिज,औद्योगिक और उर्वरक खनिज वाले प्रखंड शामिल हैं।

देश की कृषि अर्थव्यवस्था को मदद देने के लिए उर्वरक खनिजों की खोज और उत्पादन के लिए पोटाश और फॉस्फोराइट ब्लॉकों को बाहर लाने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

आईसीसी टी-20 रैंकिंग में टॉप 10 से बाहर हुए विराट कोहली

दुबई । भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ने वाले विराट कोहली आईसीसी की ताजा टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में टॉप 10 से बाहर हो गए हैं।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच हाल ही में समाप्त हुई तीन मैचों की टी-20 सीरीज से आराम लेने के बाद विराट रैंकिंग में तीन पायदान खिसकर 11वें नंबर पर आ गए हैं। इस बीच इस सीरीज में 49 गेंदों पर 65 रन की शानदार मैच विजयी पारी खेलने के बाद भारतीय सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल एक स्थान के फायदे के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

इसके अलावा टी-20 टीम के स्थाई कप्तान चुने गए रोहित शर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ संपन्न टी-20 सीरीज में तीन पारियों में 159 रन बनाने, जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं, की बदौलत दो स्थानों की छलांग के साथ 13वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग की बात करें तो दीपक चहर को काफी फायदा हुआ है। वह 19 स्थानों की छलांग के साथ 41वें नंबर पर पहुंच गए हैं, जबकि ऑलराउंडर्स रैंकिंग में वह 83 पायदान की छलांग के साथ 163वें स्थान पर पहुंचे हैं। उनके अलावा तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार गेंदबाजी रैंकिंग में पांच स्थानों के फायदे से 19, जबकि अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन 129 स्थानों के लाभ के साथ 92 और अक्षर पटेल 160 स्थानों की छलांग के साथ 112 नंबर पर पहुंच गए हैं।

इस बीच न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्तिल ने भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज में क्रमशः 70, 31 और 51 रनों की पारी की बदौलत शीर्ष 10 में वापसी की है। वह अब बल्लेबाजों की सूची में 10वें नंबर पर आ गए हैं। उनके टीम के साथी मिचेल सेंटनर ने भी गेंदबाजों की रैंकिंग में सुधार किया, वह 10 स्थानों के फायदे के साथ 13वें नंबर पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान भी बंगलादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन की बदौलत एक स्थान के फायदे से चौथे स्थान पर आ गए हैं।

योर ऑनर 2 में पंजाबी पॉप स्टार बने अभिषेक बजाज

स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 के अभिनेता अभिषेक बजाज योर ऑनर 2 में एक पंजाबी पॉप स्टार अमन की भूमिका निभाते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपनी भूमिका के बारे में खुलकर बात की।

अभिषेक कहते हैं कि मैं पंजाब के सबसे बड़े पॉप स्टार की भूमिका निभा रहा हूं । उनके गाने हमेशा हिट होते हैं चाहे वह डाउनटाउन बॉयज हो या बिली बिली अख ये गाने पंजाब में सुपर कल्ट सॉन्ग हैं। जब भी वह किसी पार्टी में जाते हैं तो वह पार्टी का आकर्षण होते है, और हर प्रशंसक उनके लिए पागल हो जाता है। वह एक बिगड़ैल लड़का है। वह ड्रग्स लेता है, और सोचता है कि सब कुछ उसके इर्द-गिर्द घूमता है और वह जानता है कि उसके पास स्टारडम है जिसका वह कैसे भी उपयोग कर सकता है।

उन्होंने कहा कि यह आदमी ऊर्जा से भरा है। उसकी जिंदगी तब पूरी तरह से बदल जाती है जब वह ड्रग के मामले में पकड़ा जाता है और उस पल के बाद पूरा परिदृश्य बदल जाता है।

श्रृंखला में अभिनेता गुलशन ग्रोवर और माही गिल भी हैं। अभिषेक आगे अपने किरदार के बारे में शेयर करते हुए कहते हैं कि अमन ही वह है जिसके लिए लोग दीवाने हो जाते हैं। उनका जीवन उतार-चढ़ाव से भरा है। उसे अपने करियर में गिरावट का सामना करना पड़ता है, जब वह ड्रग्स के मामले में फंस जाता है।

यामी गौतम के साथ ए थर्सडे में नजर आएंगे करणवीर शर्मा

अभिनेता करणवीर शर्मा बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम के साथ आगामी फिल्म ए थर्सडे में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते नजर आएंगे। अभिनेता को शौर्य और अनोखी की कहानी के लिए जाना जाता है। करणवीर ने निर्देशक बेहजाद खंबाटा के साथ क्राइम-थ्रिलर फिल्म में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि मेरा अनुभव बिल्कुल अद्भुत था और मुझे नहीं लगता कि मैंने अपने जीवन में इससे बेहतर काम किया है। सभी लोग निस्संदेह बहुत अच्छे हैं। मैंने उनके साथ काम करने के अनुभव

का पूरा आनंद लिया। यह मेरे लिए थोड़ा आरामदायक भी था क्योंकि यह निर्देशक के साथ मेरा तीसरा प्रोजेक्ट है, मैंने उनके साथ अजहर में भी काम किया है। वह आगे कहते हैं कि मुझे उनके डेब्यू प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने का मौका मिला और इसने मुझमें से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता को सामने लाया है। पूरी टीम शानदार थी।

आज का राशिफल

मेषः आज आपका मन वैचारिक धरातल पर मानसिक व्यग्रता का अनुभव करेगा। आज किसी के साथ वाद-विवाद में न उतरिएगा।

वृषः आर्थिक आयोजन प्रारंभ में कुछ अड़चन के साथ पूर्ण होते हुए लगेंगे। मित्रों-शुभेच्छकों के मिलन से आपको आनंद होगा।

मिथुनः आपके दिन का प्रारंभ शारीरिक और मानसिक स्वस्थता के साथ होगा। परिवारजनों और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय बिताएंगे।

ककर्ः आज आंखों के दर्द से व्यग्रता होगी। साथ में मानसिक चिंता भी रहेगी। वाणी और वर्तन में ध्यान रखिएगा। भ्रांति खड़ी न हो इसका भी ध्यान रखिएगा।

सिंहः आज आपके मन में क्रोध और आवेश की भावना रहने से आप लोगों के साथ व्यवहार संभलकर करिएगा। आरोग्य के लिए आज का दिन शुभ नहीं है।

कन्याः आपका आज का प्रातःकाल आनंदप्रद और लाभप्रद रहेगा। व्यवसाय और व्यापार के क्षेत्र में लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी।

तुलाः आज आपको शारीरिक और मानसिक सुख अच्छा रहेगा। व्यवसाय या व्यापार में आप उत्साहपूर्वक कार्य करेंगे।

वृश्चिकः आज विरोधियों और प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद में न पड़ें। व्यवसाय या व्यापार में परिस्थिति अनुकूल नहीं होगी। संतानों के साथ मतभेद होने की संभावना है।

धनुः आज क्रोध से हानि होने की संभावना है। शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता से आप व्यग्र रहेंगे। व्यावसायिक क्षेत्र में उच्च कर्मचारियों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा।

मकरः आज रुचिकर स्वजनों के साथ घूमने-फिरने का और खान-पान का प्रसंग उपस्थित होगा। वाहन-सुख मिलेगा तथा मान-सम्मान भी मिलेगा।

कुंभः आज आपको कार्य-सफलता और यश-कीर्ति मिलेंगे। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सामाजिकरुप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

मीनः आज का आपका दिन अच्छी तरह से बीतेगा। कला के क्षेत्र में आपकी अभिरुचि बढ़ेगी। मित्रो से हुई भेंट से आनंद होगा। प्रियपात्र के साथ हुई भेंट आनंददायी होगी।

अंडे से बनाएं टेस्टी शीरमाल

अंडे से केक, बिस्कुट और भी तरह-तरह की डिशेज तो बनाई होगी लेकिन क्या कभी शीरमाल बनाया है। अगर नहीं, तो यहां सीखें इसे बनाना।

सामग्री :

1 कप मैदा, 1 अंडा, 3/4 टीस्पून ताजा खमीर, 2 टेबलस्पून पिसी चीनी, 1/4 टीस्पून नमक, 1/4 कप दूध, 2 टेबलस्पून देसी घी, 1/2 टीस्पून खसखस या तिल, पिघला मक्खन, दूध मे घुला केसर

विधि :

परात में मैदा, खमीर, चीनी, नमक, अंडा, एक टेबलस्पून घी मिलाकर दूध से आटा मलें और ढककर रख दें। 2-3 घंटे बाद इसमें बचा हुआ घी पिघलाकर डालें और आटे को मसल कर लोइयां बना लें। सभी लोइयों को बेलकर कांटे से गोदें जिससे रोटियां फूले नहीं। बेली हुई रोटियों पर पानी का हाथ लगाकर खसखस या तिल चिपकाएं। इसके बाद रोटियों पर दूध में घुला केसर लगाएं और पहले से गर्म ओवन में उन्हें 180 डिग्री सेल्सियस पर ट्रे में रखकर सुनहरा होने तक बेक करें। गर्म शीरमाल पर पिघला मक्खन लगाकर सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य- 270

बाएं से दाएं
1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

ऊपर से नीचे
1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 269 का हल

अं	त	■	म	री	ज	■	■	■
ग	ह	न	ता	■	ब	र	ब	स
■	की	■	धि	क्का	र	■	र	मा
■	का	■	का	■	द	वा	खा	ना
प	त	वा	र	■	स्त	र	■	■
ह	■	■	■	■	■	दा	मि	नी
ना	■	ए	ह	ति	या	त	■	लां
वा	च	क	■	हा	■	■	खू	ब
■	■	ता	ब	ड़	तो	ड़	■	र

सू-दोकू- 270

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.269 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6